# लोकपथ मोबाइल ऐप का एक वर्ष पूरा

**7800** से अधिक शिकायतें ऐप पर दर्ज, 95 प्रतिशत का समाधान

**02** जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**भोपाल, 2 जुलाई. मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ मोबाइल ऐप ने अपनी पहली वर्षगांठ के साथ एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है.**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने समीक्षा बैठक में ऐप के अब तक की सफलता, नागरिकों की भागीदारी और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की. लोकपथ ऐप की शुरुआत 2 जुलाई 2024 को की गई थी. ऐप ने अपने पहले ही वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक का त्वरित समाधान कर दिया गया है.

लगभग 1.5 लाख नागरिकों द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जाना यह दर्शाता है कि जनता में इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को लेकर गहरी स्वीकार्यता बनी है. ऐप की सफलता पर मंत्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए लोकपथ ऐप को जनभागीदारी आधारित



डिजिटल गवर्नेंस का प्रभावी उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में ऐप के 5 लाख डाउनलोड सुनिश्चित करने का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यापक जनजागरण और प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा.

मंत्री सिंह ने निर्देश देते हुए उन्हें भोपाल में विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही. साथ ही, ऐप से जुड़ी गूगल प्ले स्टोर टिप्पणियों पर विभागीय उत्तर देने की प्रक्रिया आरंभ करने की सिफारिश भी की गई, जिससे नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके. बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, एसआर बघेल, भवन विकास निगम के प्रमुख अभियंता अनिल श्रीवास्तव, सड़क विकास निगम के तकनीकी सलाहकार आरके मेहरा, भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय मस्के, आनंद राणे, बीपी बोरासी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और ऐप के क्रियान्वयन व सुधार की दिशा में अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए.

### 'कौन बनेगा करोड़पति' में छाया लोकपथ

लोकपथ ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली जब 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अभिनेता अमिताभ बच्चन ने इससे संबंधित प्रश्न प्रस्तुत किया. इससे यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश का यह नवाचार अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन चुका है. मंत्री राकेश सिंह ने बैठक में नागरिकों को और अधिक त्वरित सेवा देने के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया.




# बदल रहा सहकारिता का क्लेवर : विश्वास सारंग

### राज्य स्तरीय सहकारी कार्यशाला आयोजित

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 2 जुलाई. सहकारिता मंत्री विश्वास बुधवार को राज्य स्तरीय सहकारी कार्यशाला में शामिल हुए. समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सारंग ने संबोधित किया. उन्होंने कहा है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और नवाचार के जरिए सहकारी आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है.**

इसके लिए पूरी सहकारिता की टीम कृत-संकल्पित होकर काम करें. मंत्री मंत्री ने कहा कि सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए पैक्स का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है. इसके लिए संभागीय और जिला अधिकारी अधीनस्थ पैक्स का निरीक्षण करें. मुख्यालय के अधिकारियों को भी संभागवार जिम्मेदारी दी जाए, जो उनके अधीनस्थों की समस्या एवं सुझावों पर ध्यान दें. उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने में पैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है.

मंत्री सारंग ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. उन्होंने कहा कि केडिट मूवमेंट के साथ सहकारिता के विभिन्न आयामों पर भी ध्यान देने की जरूरत है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का क्लेवर बदल रहा है. सहकारी आंदोलन को पुनः मजबूत करने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है.

अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल ने कहा कि हर पैक्स को केडिट के अलावा तीन एक्टीविटी करना जरूरी है. स्थानीय पृष्ठभूमि में अवसरों को तलाश कर बिजनेस बढ़ाना होगा. संभागीय और जिला अधिकारी को एक-एक पैक्स की समयबद्ध तरीके से समीक्षा करनी होगी. उन्होंने कहा कि पैक्स सुदृढ़ हो यह लक्ष्य होना चाहिये. सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक मनोज पुष्प ने कहा कि सहाकारिता के सकारात्मक बदलाव के दौर में अधिकारी अपनी अहम भूमिका को पहचानकर दायित्वों का निर्वहन करें. अधिकारी अपनी लीडरशिप में प्रगति का फॉलोअप लें और पैक्स को बिजनेस यूनिट बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए.

# घायलों को नगदी रहित मिलेगा उपचार

## कमिश्नर को योजना की मॉनीटरिंग करने के निर्देश

**भोपाल, 2 जुलाई. देश में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं. इस बात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में नियमित मॉनीटरिंग कर रही है.**

परिवहन सचिव मनीष सिंह ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिये नगदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर्स को निर्देश भी जारी किये हैं. निर्देशों में बताया गया है कि यह स्कीम और गाइड-लाइन्स मई-2025 और जून-2025 में जारी हुई हैं. इसी के साथ मंत्रालय द्वारा 21 मई, 2025 को यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी जारी किया गया है. निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा.

### जिला स्तर पर नियमित समीक्षा

परिवहन सचिव द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि योजना के क्रियान्वयन के लिये किसी अधीनस्थ अधिकारी को जिम्मेदारी देते हुए इसकी नियमित मॉनीटरिंग जिला स्तर पर की जाये. समस्त संभागायुक्तों को भी निर्देश दिये गये हैं कि महत्वपूर्ण योजना की आवश्यक गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग की जाये. जिला कलेक्टर्स को योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भी परिवहन विभाग द्वारा भेजे गये हैं.

# पहले भाजपा के चुनावी वादे पूरे कराएं खंडेलवाल : जीतू पटवारी

**भोपाल, 02 जुलाई. हेमंत खंडेलवाल के आज मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि उन्हें ( खंडेलवाल को ) सबसे पहले भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे करने चाहिए.**

पटवारी ने खंडेलवाल को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 17-18 महीनों में भाजपा का चेहरा पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है. उन्होंने उम्मीद भरे लहजे में कहा कि खंडेलवाल सरकार में



कुछ सख्ती लाएंगे ताकि प्रदेश की जनता को कुछ राहत मिले.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खंडेलवाल को सबसे पहले भाजपा से चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करवाना चाहिए.

### महिला सरपंच के घर करोड़ों की डकैती

**मुरैना.** जिले में ग्राम जौरा आलापुर पंचायत की महिला सरपंच मंजू यादव के घर मंगलवार मध्यरात्रि में नकाबपोश हथियारबंद बदमाश परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर एक करोड़ से अधिक की नगदी और सोने चांदी के जेवर और दो लायसेंसी बंदूक लूटकर फरार हो गए. 4 हथियारबंद बदमाशों ने महिला सरपंच के घर सीढ़ियों के सहारे प्रवेश किया और उनके पति राजकुमार यादव सहित परिवार के सदस्यों को हथियारों के बल कमरे के एक कोने में बंधक बनाकर घर से 1 करोड़ से अधिक की नगदी और सोने चांदी के आभूषण और 2 लायसेंसी बंदूक लूटकर फरार हो गए. एक बदमाश को पहचान लिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

# चलती बस में आग, कूदकर बचाई जान

## ग्वालियर-मुरैना लिंक हाईवे पर दिल दहला देने वाला

**ग्वालियर, 2 जुलाई. मध्य प्रदेश के ग्वालियर-मुरैना लिंक हाईवे पर पुरानी छावनी चौराहा के पास एक वीडियो कोच बस में अचानक से आग लग गई.**

बस में आग लगते ही यात्रियों के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई. जिसके बाद अपनी जान बचाने के लिए बस में सवार यात्री चलती बस से कूदते नजर आए. गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. इधर सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. यह पूरी घटना सड़क पर भारी दहशत का कारण बन गई. घटना पुरानी छावनी




चौराहा के ऋतुराज होटल के सामने की है. बताया जा रहा है कि सड़क पर दौड़ रही बस पर अचानक धुंआ उठता दिखाई दिया, इसके चंद सेकंड बाद ही बस में आग लग गई.

इस दौरान बस के अंदर यात्री भी सवार थे, जैसे ही उन्होंने आग लगते देखा, अपनी जान की परवाह किए बिना ही बाहर की ओर कूदने लगे. इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया गया.

### खेत में मिली किसान की लाश, 6 गिरफ्तार

**छतरपुर.** जिले में एक किसान का नग्न अवस्था में शव मिला है. शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं. खेत में जानवर घुसने के विवाद के बाद उसकी पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई. पुलिस ने मामले में 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. जिसमें 6 को गिरफ्तार भी कर लिया गया है. यह मामला बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी का है. शाम 46 वर्षीय शंकर पटेल का खेत में नग्न अवस्था में शव मिला. मामले में तीन महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार की किया गया है. जबकि अन्य तीन की तलाश जारी है. टीआई आशुतोष श्रोत्रिय के मुताबिक, खेत में जानवर घुसने से शंकर पटेल और आरोपियों को विवाद हुआ था.

# 6 जुलाई तक झमाझम बारिश

## मौसम विभाग का आरेंज अलर्ट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 2 जुलाई. मप्र के जिलों में आगामी 6 जुलाई तक झमाझम बारिश के आसार बने हुए हैं. कटनी, पन्ना, दमोह और मैहर में गुरूवार को अति बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की संभावना को देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है.**

इसके साथ ही शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, राजगढ़, ग्वालियर, दतिया, श्योरपुरकलां, जबलपुर, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है. इन जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान 30 से 40 किमी



प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल पर मानसून ट्रफ़ बीकानेर, बनस्थली, शिवपुरी, सीधी, चाईबासा और दीघा से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक जा रही है.

दक्षिण झारखंड और उसके निकटवर्ती इलाकों पर चक्र वातीय परिसंचरण सक्रिय है जो की माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है. एक ट्रफ़ अब दक्षिण-पूर्व राजस्थान से मध्य मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ से होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक जा रही है तथा दक्षिण झारखंड और आसपास के इलाकों, गंगीय पश्चिम बंगाल के इलाकों में चक्रवाती परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी और 5.8 किमी ऊपर है और ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है.

# सुखबीर को लोनिवि, सुचारी बने आयुक्त

## 4 आईएएस के तबादले

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 जुलाई. राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों के तबादले किये हैं. सुखबीर सिंह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की मंत्रालय में वापसी हो गई है, उन्हें प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है. पहले ही माना जा रहा था कि**

सुखबीर सिंह को लोक निर्माण या ऊर्जा विभाग में से कोई एक विभाग में पदस्थ किया जा सकता है. अब तक लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलाई संभाल रहे थे, उनके पास ऊर्जा विभाग की भी जिम्मेदारी थी. ऐसे में उनसे एक बड़ा महकमा लेकर काम के दबाव को कम किया गया है.

इधर अनिल सुचारी सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को आयुक्त सागर संभाग की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. यहां अब तक आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे धनंजय सिंह भदौरिया 30 जून को सेवानिवृत्त हो गये थे.

### तहसीलदार, नायब तहसीलदार एकतरफा रिलीव

राजस्व विभाग ने ऐसे तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदार जिनका तबादला कर दिया है. उन्हें विभाग ने बुधवार को एकतरफा रिलीव कर दिया है. अब उन्हें हर हाल में नये पदस्थापना वाले कार्यस्थल पर उपस्थिति देना पड़ेगा. यदि उपस्थिति नहीं दी तो फिर ऐसे तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी. यहां बता दें कि विभाग ने 10 और 10 जून को तबादला अवधि में तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों के थोकबंद तबादले किये थे, लेकिन तबादला आदेश जारी होने के पखवाड़ा भर बाद भी बड़ी संख्या में तहसीलदार मौजूदा कार्यस्थल से रिलीव नहीं हुए हैं और लगातार जमे हुए हैं. ऐसे में विभाग में कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिस कारण अब विभाग ने सख्ती दिखाई है.

# धार में पीएम मित्र पार्क के लिए 773 करोड़ के टेंडर जारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 जुलाई. केंद्र सरकार ने धार की 2158 एकड़ भूमि पर लगभग 2050 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क के लिए हाल ही में 773 करोड़ रुपए लागत के टेंडर जारी कर दिये हैं.**

इसी के साथ प्रदेश में कपड़ा उद्योग को विकसित करने के लिये सबसे बड़े पार्क के आकार लेने की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ा दिया है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मित्र पार्क के प्रथम चरण में अधोसंरचना विकास की

**2158** एकड़ में 2050 करोड़ की लागत से विकसित हो रहा पार्क

प्रक्रिया आरंभ होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का हृदय से आभार माना है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पहल मप्र में कपड़ा उद्योग को नई गति प्रदान करेगी. मप्र लगातार विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई पीएम मित्र पार्क की सौगात निश्चित रूप से प्रदेश के विकास और कपड़ा उद्योग में नए युग का शुभारंभ करेगी.

# राजस्व प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण

## विशेष अभियान के तहत 8 लाख 49 हजार 681 प्रकरण हल

**भोपाल, 2 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रदेश में 2 चरणों में राजस्व महाअभियान संचालित किये गये. राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का क्रम राजस्व महाअभियान-2 के बाद भी जारी है.**

राजस्व महाअभियान-2 के बाद फरवरी-2025 से अब तक राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 8 लाख 49 हजार 681 प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण किया गया है. यह निराकरण राजस्व महा-अभियान के बाद जनवरी-2025 के अंत से अब तक किया गया है.

जिलेवार स्थिति में आगर-मालवा में 10417, अलीराजपुर में 2550, अनूपपुर में 10690, अशोकनगर में 10130, बालाघाट में 21897, बड़वानी में 5610, बैतूल में 21407, भिण्ड में 21964, भोपाल में 31996, बुरहानपुर में 6340, छतरपुर में 28325, छिंदवाड़ा में 23084, दमोह में 15616, दतिया में 14501, देवास में 16395, धार में 13362, डिण्डौरी में 9203, गुना में 14784, ग्वालियर में 26221, हरदा में 5704, इंदौर में 31540, जबलपुर में 28167, झाबुआ में 6730, कटनी में 22299, खण्डवा में 13413, खरगौन में 14037, मैहर में 8612, मण्डला में 11110, मंदसौर में 14 776, मऊगंज में 6788, मुरैना में 21538, नर्मदापुरम में 1289, नरसिंहपुर में 9650, नीमच में 8710, निवाड़ी में 4491, पांढुर्णा में 5016, पन्ना में 11544, रायसेन में 15343, राजगढ़ में 15911, रतलाम में 13720, रीवा में 31 हजार 789, सागर में 25 हजार 841, सतना में 18 हजार 959, सीहोर में 17 हजार 112, सिवनी में 20 हजार 725, शहडोल में 12 हजार 646, शाजापुर में 14 हजार 816, श्योपुर में 5 हजार 134, शिवपुरी में 21 हजार 98, सीधी में 13 हजार 653, सिंगरौली में 17 हजार 373, टीकमगढ़ में 11 हजार 387, उज्जैन में 26 हजार 614, उमरिया में 7 हजार और विदिशा जिले में 19 हजार 854 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया.

**मुलाकात** | राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में कार्यों, नवाचारों और प्रगति से अवगत कराया

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के साथ मंत्री परमार की चर्चा



**भोपाल, 2 जुलाई. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल में भेंट कर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को लेकर सारगर्भित चर्चा की.**

उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के नीतिगत निर्णयों, शिक्षा में किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों से अवगत कराया. परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में प्रदेश के समस्त जिलों में स्थापित किए गए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और उनमें भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना एवं प्रगति के सम्बंध में अवगत कराया. परमार ने पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के द्रुतगति से समावेश के लिए विभिन्न कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों से प्राप्त अनुशंसाओं की जानकारी भी दी. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषा के समावेश के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी से भी अवगत कराया.

परमार ने विद्यार्थियों के गुणात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करने, उद्योगजगत की आवश्यकता अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की समावेशिता को बढ़ावा देने और देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति से भी अवगत कराया. इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल, आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.

### नागौद सब-स्टेशन में होगी डबल सप्लाई

**भोपाल.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और विश्वसनीयता के लिए सतना जिले में स्थित 132 केव्ही सब स्टेशन नागौद को अब डबल एक्स्ट्रा हाईटेंशन सप्लाई से जोड़ा गया है. पूर्व में यह सबस्टेशन एक रेडियल सब-स्टेशन के रूप में क्रियाशील था, जहां से 132 केव्ही की विद्युत आपूर्ति केवल 220 केव्ही सिल्परा (सतना) सब-स्टेशन से प्राप्त होती थी. मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 441 लाख की लागत से देवेन्द्र नगर से एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन अब नागौद तक की गई है. अब किसी एक सर्किट में शटडाउन या ब्रेकडाउन की स्थिति में उपभोक्ताओं को विद्युत बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा.

### पेज एक का शेष

# सब को साथ लेकर चलेंगे : खंडेलवाल

अनुशासन के दायरे में हर बात मंजूर होगी. उन्होंने कहा कि पहले जनसंघ, फिर भाजपा संगठन को कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदरलाल पटवा, अटल बिहारी वाजपेयी और राजमाता विजयराजे सिंधिया मप्र की माटी से थीं, जिन्होंने भाजपा को शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मेरा परिवार पिछले 100 साल से कांग्रेस के विरोध में अपना झंडा बुलंद कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र विकास की एक नई परिभाषा लिख रहा है.

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सभी को साथ लेकर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूती देंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संगठन पर्व के एक चरण के समापन के बाद अब हम सभी म.प्र. को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकास की योजनाएं हेमंत खंडेलवाल के दिमाग में चलती रहती हैं. सीएम राइज स्कूल योजना में हेमंत खंडेलवाल के सुझाव भी शामिल थे. निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में मप्र को और आगे ले जाने सभी कार्यकर्ता संकल्प लें.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14